वेबसाइट के लिए

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली

**विज्ञापन संख्या आईसीएमआर/वैज्ञा. बी/वीआरडीएल/2023/02-कार्मिक**

**आईसीएमआर, क्षेत्रीय स्तर - वायरल अनुसंधान और नैदानिक प्रयोगशालाओं (वीआरडीएल) या आईसीएमआर के अन्य संस्थानों/केंद्रों में वैज्ञानिक पदों के लिए मिशन मोड भर्ती सूचना**

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख : 16.02.2024**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन है। आईसीएमआर अपने मुख्यालय और देश भर में स्थित अपने 27 संस्थानों/केन्द्रों और बहूसंख्यक फील्ड स्टेशनों के माध्यम से राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में जैव चिकित्सा स्वास्थ्य अनुसंधान से संबंधित कार्य करता है।

2. आईसीएमआर भारतीय नागरिकों से मिशन मोड की पहल के तहत सीधी भर्ती के अधीन नियमित आधार की नियुक्ति के लिए लेवल 10 (रु. 56100-177500) (7वां सीपीसी स्केल) में वैज्ञानिक-बी (15 मेडिकल और 15 नॉन-मेडिकल) की 30 रिक्तियों को भरने के लिए 16 फरवरी, 2024 शाम 5:30 बजे तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। इनमें से 20 रिक्तियां दिल्ली, जोधपुर, भोपाल, पटना, चंडीगढ़, पुडुचेरी और कोझीकोड में स्थित जानपदिक महामारियों और राष्ट्रीय आपदाओं के प्रबंधन के लिए नेटवर्क प्रयोगशालाओं की स्थापना की योजना के तहत स्थापित क्षेत्र स्तरीय - वायरल अनुसंधान एवं नैदानिक प्रयोगशालाओं (वीआरडीएल) के लिए हैं और 10 रिक्तियां आईसीएमआर के अन्य संस्थानों/केंद्रों की आवश्यकता के अनुसार है।

3. **अनिवार्य एवं वांछनीय अर्हकताएं :**

| क्र. सं. | पद / विशेषज्ञता | रिक्त पदों की संख्या | अनिवार्य योग्यताएं | वांछनीय अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा | 15 | एमसीआई/एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस या समकक्ष डिग्री | सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थानों में महामारी प्रबंधन से संबंधित अनुसंधान एवं विकास में कार्य करने का 3 वर्ष का अनुभव |
| 2 | गैर- चिकित्सा | 15 | अनुलग्नक -1 में दी गये विषयों में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री | सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थानों में महामारी प्रबंधन से संबंधित अनुसंधान एवं विकास में कार्य करने का 3 वर्ष का अनुभव |

**नोट : निजी क्षेत्र या विदेशी प्रयोगशालाओं / संस्थानों से आने वाले आवेदकों के मामलें में वेतनमान की समकक्षता स्क्रीनिंग समिति तय करेगी ।**

## 4. विद्यमान रिक्त पदों का विवरण

<table>
<tr><td colspan="6">पद का नाम : वैज्ञानिक - बी (मेडिकल / नॉन- मेडिकल)</td></tr>
<tr><td colspan="4">एससी/एसटी/ओबीसी/ईडबल्यूएस श्रेणियों के लिए आरक्षित रिक्त पद</td><td>अनारक्षित/सामान्य</td><td>कुल रिक्त पदों में से दिव्यांगों के लिए आरक्षित रिक्त पद</td></tr>
<tr><td>एससी</td><td>एसटी</td><td>ओबीसी</td><td>ईडबल्यूएस</td><td>अनारक्षित UR</td><td>पीडबल्यूबीडी=08</td></tr>
<tr><td>-</td><td>01<br>(पिछली बकाया रिक्ति )</td><td>15</td><td>11</td><td>03</td><td>क) अंधापन और कम दृष्टि - 2<br>ख) बहरा और कम सुनाई देना - 3<br>ग) गतिवान विकलांगता - शून्य<br>घ) ऑटिज़्म, बौद्धिक विकलांगता, विशिष्ट सीखने की विकलांगता और मानसिक बीमारी - 3<br>ङ.) कई विकलांगताओं सहित कॉलम (क) से (घ) के तहत व्यक्तियों में बहरापन और अंधापन</td></tr>
<tr><td colspan="6">संक्षेपण: - अना = अनारक्षित, एससी = अनुसूचित जाति, एसटी = अनुसूचित जनजाति, ओबीसी = अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडबल्यूएस = आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, पीडबल्यूबीडी = बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति</td></tr>
</table>

5. **आयु-सीमा** - अधिकतम आयु-सीमा 35 वर्ष (भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार).

6. **आयु में छूट** :

(i) अधिकतम आयु - सीमा ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार निर्धारित की जाएगी।

(ii) उम्र निर्धारित करने के लिए केवल मैट्रिक/माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र में दर्ज जन्म तिथि ही स्वीकार की जाएगी और परिवर्तन के लिए बाद में किये गये किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी।

(iii) अनारक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को आयु में छूट नहीं दी जाएगी ।

(iv) आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक आयु में छूट का दावा करने के लिए सरकारी आदेशों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में अनुमेय छूट निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | श्रेणी | अधिकतम आयु सीमा के बाद आयु में अनुमेय छूट है |
|---|---|---|
| 1. | एससी/एसटी | 5 वर्ष |
| 2. | ओबीसी | 3 वर्ष |
| 3. | पीडबल्यूबीडी (अनारक्षित एवं ईडबल्यूएस) | 10 वर्ष |
| 4. | पीडबल्यूबीडी + एससी/एसटी | 10+5= 15 वर्ष |
| 5. | पीडबल्यूबीडी + ओबीसी | 10+3= 13 वर्ष |

| | | |
|---|---|---|
| 6. | केंद्रीय सरकार के नागरिक कर्मचारी | |
| | 1 केंद्रीय सरकार के वे नागरिक कर्मचारी जो डीओपीटी, भारत सरकार द्वारा दिनांक 27 मार्च 2012 को जारी किए गए कार्यालय ज्ञापन संख्या 15012/2/2010-स्था.(डी) (सामान्य/अनारक्षित) के तहत<br>निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं और जिन्होंने आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा प्रदान की हो। | 5 वर्ष |
| | 2) केंद्रीय सरकार के नागरिक कर्मचारी (ओबीसी) जिन्होंने आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा प्रदान की हो | 8 (5+3) वर्ष |
| | 3) केंद्रीय सरकार के नागरिक कर्मचारी (एससी/एसटी) जिन्होंने आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक कम से कम 3 वर्ष की नियमित और निरंतर सेवा प्रदान की हो। | 10 (5+5) वर्ष |
| 5. | अन्य कोई श्रेणी | भारत सरकार के अनुदेशों/ओदशों के अनुसार |

नोट: पीडबल्यूडी उम्मीदवारों के लिए सरकारी सेवा के लिए आयु में छूट नहीं जोड़ी जाएगी।

7. **चयन प्रक्रिया:**

**(i)** चयन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (एमसीक्यू) या साक्षात्कार या दोनों के आधार पर किया जाएगा।

**(ii)** लिखित परीक्षा, यदि आयोजित की जाती है, तो अनुसंधान से संबंधित गतिविधियों की समझ पर आधारित होगी और योग्यता प्रकृति की होगी और न्यूनतम अर्हक अंक **75** प्रतिशत होंगे।

**8. शुल्क :**

आवेदन शुल्क (जो लौटाने योग्य नहीं है) रु. 1500/- (एक हजार पांच सौ रुपये मात्र) अनिवार्य है। एससी/एसटी/महिला/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क से छूट दी गई है। आवेदन शुल्क का भुगतान उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में दिए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से करना होगा।

9. **<u>अन्य शर्तें:</u>**

(i) आवेदन प्रपत्र, आवेदन शुल्क के साथ https://recruit.icmr.org.in पर ऑनलाइन मोड के माध्यम से जमा किया जाना चाहिए।

(ii) अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन, कारण चाहे जो भी हो, अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(iii) अपूर्ण या सहायक दस्तावेजों के बिना आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(iv) दावे के अनुसार शैक्षणिक योग्यता/विशेषज्ञता/अनुभव से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने चाहिए।

(v) व्यक्तिगत चर्चा के समय, केंद्र/राज्य सरकार के विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकार द्वारा वित्त पोषित अनुसंधान एजेंसियों में कार्यरत आवेदक को अपने नियोक्ता से इस आशय का एक "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना होगा कि नियोक्ता द्वारा "नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर आवेदक को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा"।

(vi) किसी उम्मीदवार द्वारा या उम्मीदवार की ओर से कोई भी बाहरी दबाब (राजनीतिक या अन्यथा) डलवाये जाने पर उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा ।

(vii) कोई भी अतिरिक्त विवरण/संचार केवल आईसीएमआर की वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे किसी भी अपडेट के लिए नियमित रूप से आईसीएमआर की वेबसाइट www.icmr.nic.in देखते रहें । किसी अन्य प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

(viii) विज्ञापन के विरुद्ध भर्ती से संबंधित कोई भी विवाद नई दिल्ली स्थित न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र में होगा।

(ix) आईसीएमआर इस रिक्ति परिपत्र को संशोधित करने या रद्द करने या नवीन रूप में प्रकाशित करने की स्वतंत्रता रखता है।

(x) रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और उनमें परिर्वतन भी किया जा सकता है।

**10. ऑनलाइन आवेदन-प्रपत्र भरने के लिए अनुदेश :**

अभ्यर्थियों को अत्यधिक सावधानी बरतते हुए ऑनलाइन आवेदन भरना चाहिए। गलत तरीके से भरा गया आवेदन प्रपत्र रद्द हो सकता है।

**<u>क. सामान्य अनुदेश:</u>**

i. आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार को अपना पंजीकरण करने के बाद निर्धारित प्रारूप में अपना ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए www.icmr.nic.in या https://recruit.icmr.org.in पर जाना होगा।

ii. ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना उससे पहले ही ऑनलाइन आवेदन करें।

iii. इस पद के लिए आवेदन करने वाले किसी भी उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पर पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं। जो उम्मीदवार अंतिम तिथि पर योग्यता/पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करते हैं, उनका आवेदन ऑनलाइन आवेदन प्रणाली द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

iv. कृपया ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पूर्व अनुदेशों और प्रक्रियाओं को सावधानीपूर्वक पढ़ें और जानकारी की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए उसका प्रिंटआउट लें और उसके बाद आवेदन पत्र में भरे गए सभी विवरणों की जांच करें और अंतिम रूप से आवेदन जमा करने से पहले सभी दस्तावेज अपलोड करें।

v. आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बाद, उम्मीदवार फिर से आवेदन का अंतिम प्रिंट आउट ले सकते हैं।

vi. आईसीएमआर द्वारा ऑफ़लाइन आवेदन पत्र या डाउनलोड किए गए आवेदन पत्र की कोई भी प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी। हालाँकि, सभी अपलोड किए गए दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र की एकमूल प्रति(हार्ड कॉपी) (अंतिम प्रिंटआउट) उस समय जमा की जाएं जब आईसीएमआर द्वारा ऐसा करने के लिए कहा जाए।

vii. किसी आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, उम्मीदवारों की पात्रता/उपयुक्तता, चयन के तरीके और मानदंड आदि से संबंधित सभी मामलों में आईसीएमआर का निर्णय अंतिम होगा और जो उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में कोई पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

viii. आईसीएमआर ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय दस्तावेजों की जांच नहीं करता है और केवल स्क्रीनिंग के समय ही उनकी जांच की जाती है।यदि आवेदन पत्र जमा करने से लेकर नियुक्ति तक और नियुक्ति के बाद भी किसी भी चरण में सत्यापन किया जा रहा है और यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता की किसी भी शर्त को पूरा नहीं करता है या यह पाया जाता है कि दी गई जानकारी गलत/दबी हुई या असत्य है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उस पर आपराधिक मुकदमा भी चलाया जाएगा। इस बात पर ध्यान नहीं दिया जाएगा कि उम्मीदवार को अपने आवेदन में गलत या असत्य जानकारी देकर लाभान्वित किया गया था।

ix. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरें जैसाकि नाम, पिता/माता का नाम, जन्मतिथि और श्रेणी, योग्यता, प्राप्त अंक, उत्तीर्ण वर्ष, फोटो, हस्ताक्षर, विवरण आदि। ऑनलाइन किसी भी विवरण में बदलाव के लिए कोई अनुरोध स्वीकार्य नहीं है। आवेदन पत्र जमा करने के बाद ही आईसीएमआर द्वारा आवेदन पत्र पर विचार किया जाएगा।

**ख. ऑनलाइन पंजीकरण:**

(i) ऑनलाइन पंजीकरण का चयन करने के बाद, मांगे गए अनिवार्य विवरण चरण दर चरण सावधानीपूर्वक भरें, क्योंकि पंजीकरण के बाद पंजीकरण फॉर्म में भरे गए विवरण को बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) यह सुनिश्चित करना उम्मीदवार की जिम्मेदारी होगी कि पंजीकरण फॉर्म में सही विवरण भरे गए हैं। पंजीकरण फॉर्म में गलत प्रविष्टियों या किसी भी गलत जानकारी के कारण उम्मीदवारी रद्द होने/हानि या संचार की कमी आदि के लिए आईसीएमआर जिम्मेदार नहीं होगा।

(iii) सफल ऑनलाइन पंजीकरण की पावती आवेदक के पंजीकृत ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर पर भेज दी जाएगी।

(iv) किसी भी आवेदक द्वारा एक से अधिक आवेदन भरने के परिणामस्वरूप ऐसे सभी आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे। ऐसी अस्वीकृतियों के संबंध में कोई सूचना प्रदान नहीं की जाएगी।

**ग. ऑनलाइन आवेदन भरना:**

(i) पंजीकृत उपयोगकर्ता आपके ईमेल और मोबाइल नंबर पर प्राप्त उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड के साथ आवेदन पत्र तक पहुंचने के लिए 'आवेदक लॉगिन' पर क्लिक करें।

(ii) 'आवेदन पत्र पर जाएं' और बटन पर क्लिक करें और कृपया महत्वपूर्ण अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें। आवेदन पत्र को कई अनुभागों में वर्गीकृत किया गया है। आपको अनुभाग-वार आवेदन पत्र भरना होगा। एक बार किसी सेक्शन में अनिवार्य विवरण भर जाने के बाद, आप सुरक्षित(Saveसेव) और आगे(Next) के बटन पर क्लिक करके अगले अनुभाग में जाएं। हालाँकि, यदि अनिवार्य जानकारी नहीं भरी गई है या आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड नहीं किए गए हैं, तो आपको अगले अनुभाग पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पिछले अनुभाग पर वापस जाने के लिए, आप पिछले अनुभाग टैब के नाम पर क्लिक कर सकते हैं। एक बार जब आप अंतिम अनुभाग पूरा कर लें और फिर सबमिट बटन पर क्लिक करें, तो आपको भुगतान करने के लिए पुनः निर्देशित किया जाएगा। एक बार भुगतान हो जाने पर आपका आवेदन पूरा माना जाता है। शुल्क केवल नेट बैंकिंग/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा।

(iii) सभी आवेदकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि फोटो/हस्ताक्षर और अन्य दस्तावेज इन दिशानिर्देशों में दिए गए अनुदेशों के अनुसार अपलोड किए गए हैं। ऐसा न करने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत हो सकता है।

**घ. आवेदन पत्र के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज़:**

उम्मीदवारों को अपनी शैक्षिक योग्यताओं (मैट्रिक से शुरू करें), इन पाठ्यक्रमों में प्राप्त विस्तृत अंकों के प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, जाति प्रमाण पत्र  अर्थात एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी, अनुभव आदि के समर्थन में प्रमाण पत्र/दस्तावेजों की स्व-सत्यापित/सत्यापित प्रतियों की स्कैन की हुई कॉपी अपलोड करनी होगी। यदि कोई उम्मीदवार उपरोक्त आवश्यक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां अपलोड करने में विफल रहता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उसे चयन प्रक्रिया के बाद के चरणों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(i) आवेदन पत्र पर फोटो अप्रमाणित होना चाहिए।

(ii) उम्मीदवार को टोपी, चश्मा(Goggles) आदि नहीं पहनना चाहिए। चश्मे(Spectacles) की अनुमति है।

(iii) इन अनुदेशों का अनुपालन न करने वाले या अस्पष्ट फोटो वाले आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(iv) परीक्षण/दस्तावेज़ सत्यापन के समय उपयोग के लिए कुछ समान तस्वीरें अपने पास आरक्षित रखें।

(v) परीक्षा के समय वास्तविक उपस्थिति और आवेदन पर चिपकाए गए फोटो में चेहरे की उपस्थिति के बीच कोई विचलन या विसंगति उम्मीदवार को अस्वीकृति के लिए उत्तरदायी बना देगी।

**ड. आवेदन अस्वीकृत होने के संभावित कारण:**

(i) किसी विशेष श्रेणी के लिए एक से अधिक आवेदन पत्र।

(ii) आवेदन अपूर्ण है और ऑनलाइन नहीं है।

(iii) पूर्ण शुल्क निर्धारित तरीके से जमा नहीं किया गया है।

(iv) आवेदक के पास अंतिम तिथि तक अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता नहीं है।

(v) आयु के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज, मैट्रिक से अनिवार्य योग्यता, एमसीआई पंजीकरण प्रमाण पत्र, संबंधित श्रेणी के समर्थन में जाति प्रमाण पत्र (एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी) आवेदन पत्र के साथ अपलोड नहीं किए गए हैं।

(vi) उम्मीदवार अंतिम तिथि/ समापन तिथि पर अधिक आयु/कम आयु का है।

(vii) विज्ञापन में निर्धारित किए गए आवश्यक मानदंडों को पूरा करने का अभाव।

**11. छंटनी करने के मानदंड:-**

क) उम्मीदवारों की छंटनी आईसीएमआर द्वारा निर्धारित मानदंडों के आधार पर की जानी है।

ख) प्रथम बार में, सभी उम्मीदवार जो आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव आदि (जहां भी आवश्यक हो) के संबंध में न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा।

ग) यदि छंटनी किए गए उम्मीदवारों की संख्या अधिक है और उन सभी को साक्षात्कार के लिए बुलाना संभव नहीं है, तो आईसीएमआर कुछ उपयुक्त छंटनी मानदंडों के आधार पर उम्मीदवारों की छंटनी सूचीबद्ध करेगा, नियुक्ति प्राधिकारी अर्थात महानिदेशक, आईसीएमआर द्वारा जो भी तय किया जाए। हालाँकि यह गुणवत्ता के आधार पर हर मामले में भिन्न हो सकता है,आईसीएमआर आमतौर पर संबंधित क्षेत्रों में उच्च अनुभव वाले उम्मीदवारों या उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवारों या दोनों, जैसा भी मामला हो, को बुलाने को प्राथमिकता देता है।

**ध्यान दें:** उम्मीदवारों की छंटनी करने का उद्देश्य, एक समय में उपलब्ध रिक्तियों की संख्या, आवश्यक योग्यताओं और निर्धारित अन्य शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों की संख्या को ध्यान में रखते हुए, साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को एक उचित सीमा तक सीमित करना है। साक्षात्कार बोर्ड के समय को तर्कसंगत बनाने और साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या को उचित रूप में सीमित करने के लिए, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से मानदंडों की एक प्रणाली को अपनाया गया है, जो निम्नानुसार है : -

| | |
|---|---|
| एक रिक्त पद के लिए | **12** उम्मीदवारों तक |
| **2-3** रिक्त पदों के लिए | **24** उम्मीदवारों तक |
| **4-6** रिक्त पदों के लिए | **36** उम्मीदवारों तक |
| **7-9** रिक्त पदों के लिए | **48** उम्मीदवारों तक |
| **10** या 10 से अधिक रिक्त पदों के लिए | **50** उम्मीदवारों तक या उससे अधिक (रिक्त पदों की संख्या से 5 गुणा से अधिक) |

किसी भी तकनीकी सहायता के लिए कार्य दिवसों में सुबह 9:30 बजे से सांय 5:30 बजे (आईएसटी) के बीच 011-26589167 पर कॉल करें या **helpdesk.egov@icmr.gov.in** पर ईमेल करें। भुगतान संबंधी किसी भी प्रश्न के लिए कृपया **e-payment@icmr.gov.in** पर ईमेल करें

राजेश जे
05/01/25

**सहायक महानिदेशक (प्रशासन)**

**Disclaimer :**

यह विज्ञापन अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में प्रकाशित किया गया है। यद्यपि अंग्रेज़ी से हिंदी अनुवाद करते समय अत्यंत सावधानी बरती गई है, तथापि व्याख्या में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

This advertisement is published in English and Hindi languages. Utmost care is taken to translate from English to Hindi. However, in case of any kind of discrepancy or variation in interpretation, the English version shall be treated as final.

1. जैव रसायन
2. रसायन शास्त्र
3. मानव विज्ञान
4. समाज शास्त्र
5. सामाजिक कार्य
6. खाद्य एवं पोषण
7. स्वास्थ्य अर्थ-शास्त्र में विशेषज्ञता के साथ अर्थ-शास्त्र
8. मनोविज्ञान
9. जीव विज्ञान/जैव विज्ञान
10. कीटविज्ञान/चिकित्सा कीटविज्ञान
11. आनुवंशिक विज्ञान/ चिकित्सा आनुवंशिक विज्ञान
12. प्रतिरक्षा विज्ञान
13. सूक्ष्म जीव विज्ञान
14. आण्विक जीव विज्ञान
15. औषध विज्ञान
16. फार्मेसी
17. विष विज्ञान
18. विषाणु विज्ञान
19. प्राणी शास्त्र
20. जैव प्रौद्योगिकी
21. वनस्पति विज्ञान
22. जैव सूचना विज्ञान
23. जैवसांख्यिकी/सांख्यिकी
24. सार्वजनिक स्वास्थ्य
25. कोई भी नैदानिक विषय (आंतरिक चिकित्सा, सामुदायिक चिकित्सा, सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल चिकित्सा, हड्डी रोग, त्वचा विज्ञान, मनोचिकित्सा, एनेस्थिसियोलॉजी आदि)
26. चिकित्सा/जैव-चिकित्सा विज्ञान में कोई अन्य प्रासंगिक विषय।

राजेश्वरी
08/01/24

**सहायक महानिदेशक (प्रशासन)**